पत्रांकः–10/वि०22–10/2026........................

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

सज्जन आर०, भा०प्र०से०,
निदेशक (मा० शि०),
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार।
सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), बिहार।

पटना, दिनांक.................................

विषय :– **राज्य के अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित मदरसा, अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित संस्कृत विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त अराजकीय अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं की पूर्ण विवरणी की प्रविष्टि ई–शिक्षा कोष में किये जाने के संबंध में।**

प्रसंगः– विभागीय आदेश संख्या–1102 दिनांक–15.05.2026.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा राज्य के अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित मदरसा, अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित संस्कृत विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त अराजकीय अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों/इसमें अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं की पूर्ण विवरणी की प्रविष्टि ई–शिक्षा कोष में किये जाने हेतु निर्णय लिया गया है।

विद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं की विवरणी यथा विद्यालय का यू–डायस कोड, विद्यालय का नाम, बच्चा का नाम, आधार संख्या, जन्म तिथि, वर्ग, पिता का नाम, माता का नाम, पता, मोबाईल नं0, बैंक खाता संख्या, बैंक खाता नाम इत्यादि की प्रविष्टि ई–शिक्षा कोष पर किया जाना है। इस हेतु विहित प्रपत्र (e-shikshakosh DCF for Student) संलग्न की गई है। विहित प्रपत्र के अनुसार विद्यालय द्वारा सूचना प्राप्त कर इसे ई–शिक्षा कोष पर प्रविष्टि किया जायेगा।

अतः निदेश है कि राज्य के अनुदानित मदरसा, अनुदानित संस्कृत विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं की पूर्ण विवरणी (विहित प्रपत्र के अनुसार) की प्रविष्टि ई–शिक्षा कोष पर 15 दिनों के अंदर कराना सुनिश्चित किया जाए।

अनुलग्नक–विहित प्रपत्र (e-shikshakosh DCF for Student)।

विश्वासभाजन

ह०/–
(सज्जन आर०)
निदेशक (मा० शि०),
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–10/वि०22–10/2026....1241.............. पटना, दिनांक 03-6-26.......................

प्रतिलिपि :– अध्यक्ष, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के आप्त सचिव/अध्यक्ष, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना के आप्त सचिव/उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/सचिव, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना/सचिव, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना/अपर राज्य परियोजना निदेशक, कमाण्ड एंड कंट्रोल, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/सभी संबंधितों एवं आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक (मा० शि०),
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।